STEPPING STONE
SCHOOL (HIGH)

Subject -2nd language (Hindi)

Topic-. Prose (ch-2)

Class - VI

Worksheet no- 18

Date- 12/06/2020

Time limit -30 minutes

दिए गए प्रश्न उत्तर देखकर साफ-साफ लिखिए और याद करिए।

फिर दिनांक अनुसार सजा कर रखें

१. मौखिक प्रश्न- उत्तर

(क) जंगल में भगदड़ क्यों मच गई?

उ०) जंगल में एक विचित्र प्राणी के आने से भगदड़ मच गई।

(ख) हाथी को खरगोश के सवाल बेकार क्यों लगे?

उ०) मुसीबत के समय स्वयं की जान बचाने की बजाए खरगोश, जान बचाकर भागते हाथी को रोककर उससे कई सवाल करने लगा। इसलिए हाथी को खरगोश के सवाल बेकार लगे।

(ग) आदमी ने अपनी सुख-सुविधा के लिए क्या-क्या किया?

उ०) आदमी ने अपनी सुख-सुविधा के लिए हरे भरे पेड़ काटकर दूर-दूर तक मस्तियां बना डाली और जमीन को समतल कर डाला।

(घ) आदमी ने जंगलों को नष्ट क्यों किया?

उ०) अपनी बढ़ती आबादी को जंगल में बसाने के लिए और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए आदमी ने जंगलों को नष्ट किया।

---

२. लघु उत्तरीय प्रश्न- उत्तर

(क) पशु पक्षी जंगल में मस्ती से क्यों घूम रहे थे?

उ०) जंगल में चारों और हरियाली थी हर तरफ सुख और आनंद का वातावरण छाया था। इसलिए पशु पक्षी जंगल में मस्ती से घूम रहे थे।

(ख) भालू ने खरगोश से क्या कहा?

उ०) भालू ने खरगोश से कहा कि यदि जान बचानी है, तो इस जंगल से कहीं दूर भाग चलो। जंगल में एक अजीब सा प्राणी घुस आया है जो जंगल के राजा शेर से भी अधिक खतरनाक है।

(ग) खरगोश ने हाथी से क्या पूछा?

उ०) खरगोश ने हाथी से पूछा -क्या तुम भी उस प्राणी से डर कर भाग रहे हो? करता

उस प्राणी को तुमने देखा है? कैसा लगता है वह प्राणी?

(घ) बेहोशी टूटने पर आदमी ने क्या देखा?

उ०)बेहोशी टूटने पर आदमी ने देखा कि पत्थर से दबा हुआ नन्हा पौधा अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है और उसे मदद के लिए पुकार रहा है।

३. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-उत्तर

(क) आदमी के आने से जानवर क्यों भागने लगे?

उ०)आदमी जंगल के जानवरों के समान नहीं था। इसलिए जानवरों को वह विचित्र प्राणी लग रहा था। अपनी डरावनी वेशभूषा और रस्सी, कुल्हाड़ी, बंदूक के साथ उसने पहली बार जंगल में कदम रखा था।इसलिए सभी जानवर डर कर भागने लगे।

(ख) जंगल और जानवरों की तबाही का सिलसिला कैसे प्रारंभ हुआ?

उ०) जब आदमी चंद सिक्कों के लालच में आकर बेजुबान, मासूम जानवरों को मारने लगा और अपनी जरूरतों के लिए हरे -भरे पेड़ काटने लगा, अपनी बस्तियां बसाने लगा। तभी से जंगल और जानवरों की तबाही का सिलसिला प्रारंभ हो गया।

(ग) मनुष्य ने अपने पापों का प्रायश्चित कैसे किया?

उ०) मनुष्य को जब अपनी गलती का एहसास हुआ, तब उसने हरे -भरे पेड़ ना काटने और मासूम जानवरों को ना मारने का प्रण लिया साथ ही ढेरों पौधे भी लगाएं जिससे वह अपने पापों का प्रायश्चित कर सके।

(घ)जंगलों के कटने से मानव को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

उ०) जंगलों के कटने से हरे भरे पेड़ नष्ट हो गए। पेड़ कट जाने से कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। फसलें नष्ट होने लगी। लोग दाने-दाने को तरसने लगे, जानवरों का शिकार कर पेट भरना लोगों की मजबूरी बन गई।